प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.10.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- राज्य सरकार ने एसएमएस अग्नि दुखांतिका में मृतकों के परिजनों को दस–दस लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा कीं
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालोतरा जिले और आसपास के क्षेत्रों में अनार की फसल में टिकरी रोग को देखते हुए तत्काल अध्ययन के आदेश दिएं
- प्रदेशभर में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कई स्थानों पर मध्यम से तेज बारिश हुई–आज कोटा और भरतपुर संभाग के जिलों में बरसात का यलो अलर्टं
- जयपुर में आज से लोकरंग महोत्सव की शुरूआत–विभिन्न राज्यों के ढाई हजार से ज्यादा कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगें

0000

राज्य सरकार ने एसएमएस अग्नि दुखांतिका में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को दस–दस लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल इसके निर्देश दिएं उन्होंने कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार पीड़ितों के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं मुख्यमत्री ने प्रशासनिक अधिकारियों को भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा हैं इस बीच मामले में सरकार ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करते हुए एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी, और ट्रोमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड को पद से हटा दिया हैं अस्पताल में पदस्थापित अधिशाषी अभियंता मुकेश सिंघल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैं फायर सेफ्टी के लिए नियोजित एजेंसी की निविदा निरस्त करते हुए उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए गए हैं अस्पताल अधीक्षक का कार्यभार डॉ. मृणाल जोशी को और ट्रोमा सेंटर के अधीक्षक का कार्यभार डॉ. बीएल यादव को सौंपा गया हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कल अस्पताल का दौरा कर घटना का जायजा लियां उन्होंने अस्पताल प्रशासन को क्षतिग्रस्त आईसीयू को जल्द से जल्द दुरूस्त करवाने और तब तक मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिएं गौरतलब है कि ट्रोमा सेंटर के आईसीयू में शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग के कारण 6 लोगों की मृत्यु हो गईं सरकार ने आग के कारणों की जांच और सुरक्षा उपायों की विस्तृत समीक्षा के लिए 6 सदस्यीय कमेटी गठित की हैं

0000

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि 'घर–घर स्वदेशी' अभियान आगामी तीन महीनों तक देशभर में चलाया जाएगां श्री शेखावत कल जोधपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि इस महीने में देश के सभी जिलों में जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगें नवंबर और दिसंबर में यह अभियान मंडल, गांव और कस्बों तक पहुंचेगां

.....

0000

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बालोतरा जिले और आसपास के अनार उत्पादक क्षेत्रों में अनार की फसलों के तत्काल अध्ययन के आदेश दिए हैं श्री चौहान ने 'टिकरी' रोग सहित विभिन्न रोगों से फसलों को हुए नुकसान की रिपोर्टों और शिकायतों पर संज्ञान लिया हैं उन्होंने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक को विशेष टीम बनाकर इन क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान के कारणों का पता लगाने और इसका आंकलन करने को कहा हैं

0000

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि देशभर में गहन पुनरीक्षण अभियान चलाने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका हैं कल नई दिल्ली में संवाददाताओं से उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय आधार पर हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में यह अभियान चलाने के लिए तारीख़ की औपचारिक घोषणा का निर्णय जल्दी ही लिया जाएगां

.....

चुनाव आयोग ने बारां जिले की अंता विधानसभा सीट के उपचुनाव का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया हैं ये सीट, विधायक कंवरलाल मीणा की सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई थीं इस सीट पर 11 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए 13 अक्टूबर को अधिसूचना जारी की जायेगीं उम्मीदवार 20 अक्टूबर तक नामांकन पत्र भर सकेंगे और मतगणना 14 नवंबर को होगीं

0000

प्रदेशभर में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बरसात का दौर जारी हैं कल अधिकांश स्थानों पर बारिश हुईं राजधानी जयपुर में कल दिनभर बरसात की झडी लगी रहीं इससे सड़कों पर पानी भर गया और यातायात प्रभावित रहां कई जगह जाम की स्थिति बन गईं सीकर में पिछले 24 घंटों से हो रही भारी बरसात से शहर के निचले इलाके जलमग्न हो गएं वहां आज भी बादल छाये हुए हैं बांसवाडा में रातभर बरसात होती रहीं हनुमानगढ़ में जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाके बारिश से तरबतर हो गएं नागौर में देररात तक रूक–रूक कर बरसात होती रहीं इससे खेतों में पानी भर गया और कटी हुई मूंग, मोठ और बाजरा की फसलें भीग गईं

......

मौसम विभाग ने आज कोटा, धौलपुर, बारां, सवाईमाधोपुर और भरतपुर जिलों तथा आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बरसात का यलो अलर्ट जारी किया हैं इस दौरान कहीं–कहीं बिजली गिरने और तेज रफ्तार हवायें चलने की आशंका हैं इस बीच मौसम में आये बदलाव से तापमान में गिरावट दर्ज की गई हैं इससे मौसम में थोडी ठंडक का एहसास होने लगा हैं

0000

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री भरत सिंह कुंदनपुर का कल रात निधन हो गयां वे कई दिनों से बीमार थे और एसएमएस होस्पिटल में उनका इलाज चल रहा थां उनका अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक निवास स्थान कोटा के सांगोद के पास कुंदनपुर में किया जायेगां विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने श्री भरत सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया हैं

0000

राजधानी जयपुर में आज से लोकरंग महोत्सव शुरू हो रहा हैं जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाले इस महोत्सव में 11 दिन तक विभिन्न प्रदेशों के ढाई हजार से ज्यादा लोककलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगें इनमें महाराष्ट, पंजाब, उत्तरप्रदेश मध्यप्रदेश असम त्रिपुरा उत्तराखण्ड और हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों के लोककलाकार शामिल हैं ये महोत्सव 17 अक्टूबर तक चलेगां इस अवसर पर राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला भी लगाया गया हैं उधर जोधपुर में मारवाड फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा हैं इसकी शुरूआत शोभायात्रा से हुईं बीएसएफ की ओर से केमल शो रखा गयां साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां हुईं

वहीं बाडमेर में कल से थार महोत्सव शुरू होगां इस दौरान '**रंग रेगिस्तान के**' थीम पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगें जिला प्रशासन की ओर से महोत्सव की तैयारियां की जा रही हैं

.....

0000